पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद कानपुर नगर में प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

## कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, पेयजल, साफ–सफाई, शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं : मुख्यमंत्री

## सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर रहकर जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें

## आगामी 30 मई तक जनपद में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश

## 30 मई को लोग राष्ट्रीयता के भाव के साथ तिरंगा यात्रा निकालते हुए भारत के शौर्य एवं पराक्रम का गुणगान करते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे

## मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे अच्छा साधन, इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाए

**लखनऊ : 28 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद कानपुर नगर में आगामी 30 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त उन्होंने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के दृष्टिगत चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी जाम न लगने पाए। लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए पार्किंग स्थलों पर बेतरतीब वाहन खड़े न हों। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, साफ–सफाई, शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने 30 मई, 2025 तक जनपद में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़के साफ–सुथरी हों,

कहीं भी गन्दगी न हो। सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर रहकर जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें। इस अभियान से जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। 30 मई को लोग राष्ट्रीयता के भाव के साथ तिरंगा यात्रा निकालते हुए भारत के शौर्य एवं पराक्रम का गुणगान करते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे। इस कार्य में भी जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त द्वारा विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने मेट्रो के अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि श्रमिकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, स्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं, पार्षदों व अन्य सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के लोगों को विशिष्ट अवसरों पर इवेन्ट के रूप में मेट्रो की निःशुल्क यात्रा करवाएं। इससे लोगों को यह जानकारी होगी कि मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे अच्छा साधन है। इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाए।

बैठक में सांसद श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले', महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार, श्री सुरेन्द्र मैथानी, श्री राहुल बच्चा सोनकर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————

***PN-CM-Kanpur Nagar Visit Review Meeting & Inspection-28 May, 2025***